राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 259 | जौनपुर | शुक्रवार, 09 मई 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## रोड शो कर इंडियन बैंक ने विभिन्न जमा, ऋण उत्पादों एवं साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। इंडियन बैंक ने लखनऊ शहर के जनेश्वर मिश्र पार्क क्षेत्र में रोड शो कर जनमानस को बैंक की नवीनतम बचत योजनाओं, डिजिटल डिलीवरी चौनल, चालू एवं बचत खातों के विषय में तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जानकारी प्रदान की। इस रोड शो का नेतृत्व बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा अंचल प्रमुख लखनऊ पंकज कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता ने इंडियन बैंक की वार्षिकी एवं तिमाही वित्तीय परिणामों के अच्छे प्रदर्शन पर अपनी खुशी जाहिर की और इसके लिए समस्त ग्राहकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

### संक्षिप्त समाचार

## जम्मू कश्मीर के छात्रों के लिए सीएम सुक्खू ने बढ़ाया मदद का हाथ

पंजाब, (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए हिमाचल में पंजाब और जम्मू कश्मीर के साथ लगती सीमाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है. ताजा हालातों के मद्देनजर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने सचिवालय में आपात बैठक बुलाई. बैठक में प्रदेश के सभी जिलाधीशों को अधीक्षकों को हर स्थिति से निबटने के दिशानिर्देश दिए गए हैं. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बीती रात हमारे पड़ोसी राज्यों पंजाब और जम्मू कश्मीर में की गई हरकत के बाद वहां हाई अलर्ट जारी किया गया है. जिला प्रशासन पंजाब में सायरन बजने की स्थिति में अपनी सीमाओं में भी बिजली बंद करने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं. हिमाचल की बसों को भी आपात स्थिति में सुरक्षित स्थान पर रखने के आदेश दिए गए हैं। प्रदेश में फिलहाल किसी भी विभाग की छुट्टियों को रद्द नहीं किया गया है, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय सहित आपातकाल कार्यालयों जैसे मुख्य सचिव कार्यालय, गृह विभाग, सामान्य प्रशासन को 24 घंटे खुले रखने के आदेश दिए गए हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पढ़ रहे छात्र सुरक्षित हैं यदि वह हिमाचल लौटना चाहे तो आ सकते हैं. उन्होंने कहा कि हिमाचल में खतरे जैसी कोई बात नहीं है. ऐतिहातन लोग सतर्क रहें।

## पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है– डिंपल यादव

नई दिल्ली, (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारत ने 6–7 मई की रात पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकाने को तबाह कर दिया है. भारत ने इस कार्रवाई का नाम ऑपरेशन सिंदूर दिया है. भारतीय सेना की तरफ से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बौखला गया है.। पाकिस्तानी सेना लगातार सीज फायर उल्लंघन कर भारत के रिहायशी को इलाकों को निशाना बनाने की नापाक कोशिश कर रही है. भारतीय सेना पाकिस्तान के हर हमले को मुंहतोड़ जवाब दे रही है. इस बीच मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने भारतीय सेना के साहस को सलाम किया है। एबीपी न्यूज से खास बातचीत में डिंपल यादव ने भारत–पाकिस्तान के तनाव के ताजा हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सबको अपनी सेना पर विश्वास रखना चाहिए और अपनी सेना पर हम सबको विश्वास है. डिंपल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पूरा समर्थन और सहयोग अपनी सेना के लिए है. डिंपल यादव ने कहा कि सभी राजनीतिक दल और पूरा देश भगवान से प्रार्थना कर रहा है और सेना बल के साथ खड़ा है. पूरे देश को अपने सुरक्षा बलों पर विश्वास है. वही डिंपल यादव ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि संयम बरते हैं और अपनी सेना पर विश्वास रखें। आपको बता दें कि पाकिस्तान से तनाव के बीच विपक्षी पार्टी के नेता सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं.। विपक्षी नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मायावती सहित।

# प्रशासन ने कसी कमर, लगातार की जा रही निगरानी : सीएम योगी



लखनऊ, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है... आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं... सोशल मीडिया पर तरह–तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के महाराणा प्रताप चौक, हुसैनगंज चौराहा के पास महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। बता दें कि देश में तनावपूर्ण हालातों के बीच छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# अदालत के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की नींव पर हमला

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार के पद पर नियुक्ति करें। दरअसल उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में झोपड़ियां न हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी, चाहे वो कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, वह अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने



के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की उस नींव पर हमला है, जिस पर हमारा लोकतंत्र आधारित है। अधिकारी को डिप्टी कलेक्टर पद से तहसीलदार बनाने का आदेश पीठ ने कहा, श्हालांकि हम नरम रुख अपनाते हैं, लेकिन सभी को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है।श शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश की पुष्टि की, जिसमें अधिकारी को उच्च न्यायालय के आदेश की जानबूझकर और पूरी तरह से अवज्ञा करने का दोषी पाया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को दो महीने जेल की सजा सुनाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को संशोधित किया। पीठ ने कहा, श्हम सजा को संशोधित कर रहे हैं ।

# मेयर का नगरायुक्त पर आरोप, बुलाएंगी विशेष अधिवेशन

आगर, (एजेंसी)। मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने पूर्व में तीन बार नगरायुक्त को पत्र लिखे थे। इस बार लिखे गए पत्र में कहा कि 15वें वित्त आयोग से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। मेयर ने पत्र में लिखा है कि इससे प्रतीत होता है कि नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों के कार्यों की उपेक्षा की जा रही है। पत्रों का संज्ञान नहीं लेने के लिए नगरायुक्त



कराने की अपेक्षा की थी। पार्षदों के क्षेत्र में विकास कार्य, नाला, नाली, फर्श निर्माण, पार्कों का सौन्दर्यीकरण आदि के कार्यों की समीक्षा की जानी थी। मगर, कागजात उपलब्ध नहीं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी लिखा है कि जनहित के कार्यों को महत्व नहीं देना नगर निगम के प्रोटोकाल के प्रतिकूल है। पार्षदों को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम सदन के विशेष अधिवेशन की बैठक बुलाना आवश्यक है। दो दिन में इसकी तैयारी से अवगत कराया जाए। – नगर निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2024–25 में नगर निगम निधि एवं शासन से विभिन्न निधियों में प्राप्त अनुदान के सापेक्ष विभिन्न मदों में कितना–कितना धन व्यय हुआ। कितना अवशेष है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में नगर निगम स्तर से उद्यान विभाग का सृजन, गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्र में क्या–क्या कार्य कराए गए। 15वें वित्त आयोग निधि के प्रस्तावित कार्यों के कार्ययोजना की मिनट्स परिचालन पत्रावली में महापौर की ओर से स्वीकृत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत नाला निर्माण (108 नालों की मरम्मत का कार्य) सहित पत्रावलियां मांगी गई थीं।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई ने तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि श्फिलहाल लीग को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद हम हालात का जायजा लेंगे और फैसला करेंगे।श इसके लिए बोर्ड अलग से कार्यक्रम जारी करेगा। लीग के लिए विंडो को लेकर पूछ गए सवाल में उन्होंने कहा कि श्सभी बोर्ड हमारा समर्थन करते हैं। ऐसे में विंडो कोई चिंता की बात नहीं है। विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर उन्होंने कहा कि श्यह उनका निजी फैसला होगा, वो खुद ही इस पर फैसला लेंगे।श इससे पहले आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन अब बोर्ड में इसे स्थगित करने का फैसला किया है। इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला रद्द कर दिया गया था। फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण मैच को रोका गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। बीसीसीआई ने बताया था कि धर्मशाला में तकनीकी खामी के चलते मैच रद्द किया गया है। हालांकि, गुरुवार से ही आईपीएल 2025 को लेकर संशय चल रहा था। बीसीसीआई अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, श्यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश युद्ध में है तब क्रिकेट चल रहा है।श आईपीएल 2025 का सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा था और इसमें फाइनल सहित कुल 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे। आईपीएल 2025 सत्र का फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इस अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को यूएई स्थानांतरित करने का फैसला किया था। 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पाकिस्तान में चलाए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमले की कोशिश की थी। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के चार लड़ाकू विमान मार गिराए। इनमें अमेरिका निर्मित दो एफ–16 और चीन निर्मित दो जेएफ–17 हैं। जैसलमेर में गिराए एफ–16 और अखनूर में गिराए गए अन्य विमान के दो पायलटों को सैन्य बलों ने हिरासत में ले लिया।

# जम्मू-कश्मीर के सांबा में जैश के 7 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुरुवार को जम्मू–कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की



एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। यह कोशिश 8 मई की रात करीब 11 बजे की गई। एक्स पर एक पोस्ट में, बीएसएफ जम्मू ने लिखा, ष8 मई 2025 को लगभग 2300 बजे, बीएसएफ ने जम्मू–कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों ने इंडिया टुडे टीवी को बताया सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार की सुबह जम्मू–कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने का संदेह वाले सात आतंकवादी मारे गए। यह ऑपरेशन 8 मई को रात 11 बजे के आसपास शुरू हुआ, जब बीएसएफ के जवानों ने सांबा सीमा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी। यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच तेजी से बढ़ते सैन्य तनाव के बीच हुई। इससे पहले गुरुवार को, भारत ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके जम्मू, पठानकोट, उधमपुर में कई सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तानी प्रयास को विफल कर दिया, जो शत्रुता में एक खतरनाक उछाल का संकेत था। पाकिस्तान का यह हमला भारत द्वारा 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (च्व्ज्ञ) में आतंकी शिविरों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए हमलों के एक दिन बाद हुआ है, जिसमें करीब 100 आतंकवादी मारे गए थे। ये हमले पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए थे, जिसमें आतंकवादियों ने धार्मिक आधार पर 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। इससे पहले, रक्षा सूत्रों ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने जम्मू–कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में दो पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच भारी गोलाबारी के दौरान ड्रोन को रोका गया। हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों को भी निशाना बनाने की कोशिश की, जो सभी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने जोरदार जवाब दिया, और किसी की जान नहीं गई।

## सीडीएस– सेना प्रमुखों के साथ की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गई। बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑ पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम किया भारत ने कल रात जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया था। पाकिस्तानी प्रयासों को विफल करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय



सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया और दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की ताजा कोशिशें इसी तरह की कोशिश के 24 घंटे से भी कम समय बाद सामने आई हैं। इससे पहले गुरुवार दोपहर को रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 15 शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया। इसने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने बुधवार रात अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने की कोशिश की।

# रेप पीड़िता के परिजनों ने तेजस्वी यादव को बताई आपबीती

बिहार, (एजेंसी)। पूर्णिया में बीते दिनों नाबालिग लड़की की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मुलाकत की. इस दौरान उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिया. पीड़ित परिवार ने बिहार सरकार में मंत्री लेसी सिंह और रूपौली से निर्दलीय विधायक शंकर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है.। नेता प्रतिपक्ष ने पीड़ित परिवार के साथ प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि ऐसे बिहार में हालात हैं. पुलिस भी अपना काम नहीं कर रही है. पहले गिरफ्तारी करती है, फिर निर्दोष कह कर छोड़ देती है. आखिर आरोपी कहां है. उन्होंने परिवार के लिए सुरक्षा की भी मांग प्रशासन से की. पीड़ित परिवार ने बताया कि 11 फरवरी को नाबालिग बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद छोड़ दिया. परिवार ने बताया कि आरोपियों की रिहाई मंत्री और विधायक के दबाव में की गई. घटना के बाद मंत्री और विधायक की तरफ से लगातार धमकी दी जा रही है. कहा जा रहा है कि मुकदमा वापस नहीं लेने पर बेटी जैसा हश्र किया जाएगा. तेजस्वी यादव ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि घटना से डीजीपी को अवगत कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को धमकी दी जा रही है. नेता प्रतिपक्ष ने पीड़ित परिवार को समर्थन देते हुए कहा, ष्आगे नाइंसाफी होने की सूरत में पुलिस अधीक्षक, मंत्री और विधायक जिम्मेदार होंगे.ष उन्होंने न्याय के साथ पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की. दरअसल, तेजस्वी यादव बीते दिन हुए सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत के बाद शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे थे.

# इस सांसद को क्यों कह दिया मरने के लिए तैयार रहें - नीतीश कुमार

बिहार, (एजेंसी)। भारत–पाकिस्तान में जारी तनाव के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने बड़ा बयान दिया है. शुक्रवार (09 मई, 2025) को वो पटना में पत्रकारों से बात कर रहे थे. अशोक चौधरी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए पाकिस्तान का इलाज करना जरूरी है. यह इलाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (च्ड छंतमदकतं डवकप) के नेतृत्व में ही संभव है। हालांकि पहले अशोक चौधरी भारतीय सेना की कार्रवाई पर कुछ बोलने से बचते रहे. कहा कि इन विषयों पर मैं कुछ नहीं कह सकता हूं क्योंकि यह राष्ट्रीय मुद्दा है. सुरक्षा से संबंधित मुद्दा है. इसकी सही जानकारी विदेश मंत्री एवं रक्षा मंत्री दे सकते हैं. जब उनसे यह पूछा गया कि आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने युद्ध न कर बातचीत के जरिए हल निकालने की बात



कही है. इस पर मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि ऐसे लोग जब मुंबई में अटैक हुआ तब बात करते रह गए थे. जब पार्लियामेंट पर अटैक हुआ तब यह बात करते रह गए थे। अशोक चौधरी ने कहा, ष्जब हमारे क्षेत्र में आकर यह आतंक फैलाएंगे तो अब समय है कि इनको सबक सिखाया जाए. घाव को लंबे समय तक पालकर रखने पर कैंसर हो जाता है. सांसद सुदामा प्रसाद की ओर से सिविलियन के मरने पर सवाल खड़ा करने को लेकर अशोक चौधरी ने कहा, ष्जब सेना मर सकती है तो हम लोग क्यों नहीं मर सकते? जब देश की रक्षा के लिए हमारी आर्मी मर सकती है तो आम जनता३ हम लोग क्यों नहीं? सुदामा प्रसाद को भी मरने के लिए तैयार रहना चाहिए। अशोक चौधरी ने कहा कि जो हमारे यहां आतंकवाद को बढ़ावा देगा, निहत्थे लोगों पर वार करेगा, आतंकवाद को अपने यहां पनाह देगा तो कब तक भारत चुप रहेगा? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बॉर्डर एरिया के निरीक्षण पर मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि हमारे राज्य का बॉर्डर जिन–जिन देशों से लगा हुआ है वहां मुख्यमंत्री को जाना चाहिए। संवेदनशील मुद्दों को देखना चाहिए और सिक्योरिटी को ब्रीफ करना चाहिए.

# संपादकीय

## सतर्कता और रणनीति

भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर व पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी शिविरों तक सटीक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार के साथ एकता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय तनाव कायम है। पाकिस्तान ने सभी कायदे कानून ताक पर रखकर नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। हालांकि, भारत ने मजूबत सुरक्षातंत्र के बूते अपने पंद्रह शहरों पर दागी गई लक्षित मिसाइलों को बेअसर कर दिया है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने पाक के कुछ सैन्य ठिकानों व लाहौर की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ने स्थिति की गंभीरता को ही रेखांकित किया। इस स्थिति को बेहद संवेदनशील बताते हुए उन्होंने संस्थागत तालमेल और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। दरअसल, इस स्थिति में सरकार की प्राथमिकताओं में नागरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना और किसी भी हमले का तत्परता से मुकाबला करना शामिल है। निस्संदेह, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों को निर्देश साइबर हमलों और गलत सूचना अभियानों सहित हाइब्रिड खतरों की एक गंभीर समझ को ही दर्शाता है। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सर्वदलीय बैठक में विस्तृत जानकारी देना इस दिन का महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम सौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की। विपक्ष खासकर कांग्रेस और एआईएमआईएम ने सराहनीय परिपक्वता दर्शायी। वे तमाम राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हितों के साथ खड़े नजर आए। राजनीतिक सहमति का यह दुर्लभ क्षण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को एक सशक्त संदेश देता है। यह भी कि जब भी भारत की संप्रभुता को चुनौती मिलती है इसका राजनीतिक ताना–बाना और मजबूत होता है। जबकि, तनाव की तसवीर अभी डराने वाली हैं। जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता। हालांकि, भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। लेकिन जवाबी कार्रवाई के लिये पूरी तरह तैयार है। इसलिए रणनीतिक संयम को विश्वसनीय प्रतिरोध के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। निस्संदेह,अब सामरिक जीत से हटकर रणनीतिक स्थिरता पर जोर दिया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा, कूटनीतिक संदेश और आंतरिक सुरक्षा पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भारत को सुरक्षा प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना वैश्विक भागीदारों को जानकारी देना जारी रखना चाहिए। साथ ही अपने नागरिकों से पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बावजूद, एकीकृत राजनीतिक रुख और संस्थागत सतर्कता बाहरी खतरों के सामने लोकतांत्रिक लचीलेपन का एक आदर्श प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त देश के सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीण की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# विरासत में मिले जज्बे को निखारतीं सोफिया

अरुण

कभी–कभी नकारात्मक परिदृश्य में ऐसी सकारात्मकता उभर कर आती है कि देश–दुनिया चौंकती है। पहलगाम हमले और उसमें शामिल आतंकियों को सबक सिखाने के लिये किए ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक ऐसा ही नगीना चमका जिसने पूरे देश का ध्यान खींचा। प्रतीकों को बेहतर ढंग से इस्तेमाल करके जनमानस को चौंकाने वाली मोदी सरकार ने इस बार भी ऐसा किया। उसने जहां पहलगाम में मारे गए पर्यटकों की विधवाओं के हक में हमले को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया, वहीं मीडिया को जानकारी देने के लिये विदेश सचिव के साथ सेना की दो महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी दी। ये योग्य व गुणी सैन्य अधिकारी थीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह। लेकिन ज्यादा ध्यान खींचा सोफिया ने जिसकी कई पीढ़ियां सेना में देश की सेवा कर राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देती रही हैं। चौंकाया इस लिए भी क्योंकि मुस्लिम पृष्ठभूमि से कम ही महिलाएं सेना में आती हैं। सोफिया ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ हिंदी में हमले का ब्योरा देकर भी लोगों का ध्यान खींचा।

दरअसल, सिग्नल कोर की कर्नल सोफिया कुरैशी की पारिवारिक पृष्ठभूमि ने भी उसे सेना में जाने के लिये प्रेरित किया। वे संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में भी काम कर चुकी हैं। सोफिया बताती हैं कि एक फौजी के परिवार में जन्म लेने के कारण सेना को लेकर उसके मन में हमेशा एक खास सम्मोहन था। वह पिता के सेना में होने के कारण सैन्य परिवेश से वाकिफ रही हैं। वह बताती हैं, 'मेरी मां की भी दिली इच्छा थी कि मैं और मेरी जुड़वा बहन सेना में शामिल हों। मेरा संकल्प था सेना में जाने का, मैंने आवेदन किया और मैं सेना के लिए चुन ली गई।' उल्लेखनीय है कि सोफिया कुरैशी गुजरात की रहने वाली हैं। उनका जन्म वर्ष 1981 में वडोदरा में हुआ। सोफिया के जन्म के कुछ मिनट बाद ही उनकी छोटी बहन सानिया का जन्म हुआ। सानिया वर्ष 2017 में मिस इंडिया अर्थ रह चुकी हैं। सोफिया ने बायोकेमिस्ट्री में अपना पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया। फिर वर्ष 1999 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से प्रशिक्षण हासिल किया। जिसके बाद लेफ्टिनेंट के रूप में उन्हें सेना में कमीशन मिला। उस समय उनकी उम्र सत्रह साल थी सोफिया कहती हैं कि मेरे दादा भी सेना में थे। वे कहा करते थे कि हर



नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह मुश्किल वक्त में देशहित में उठ खड़े हों और राष्ट्र रक्षा को तत्पर रहे। सोफिया के पिता कुछ समय तक सेना में धार्मिक शिक्षक रहे हैं। वे अपनी बेटी की उपलब्धियों पर फूले नहीं समाते हैं। देश के लिये उनके योगदान पर वे गर्व करते हैं। कर्नल सोफिया की मां हलीमा कुरैशी ने घटनाक्रम के बाद कहा कि बेटी ने बहनों और माताओं के सिंदूर का बदला ले लिया है। सोफिया बचपन से सेना में जिम्मेदारी निभाना चाहती थी। वहीं सोफिया के पति भी मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में सैन्य अधिकारी हैं। सोफिया कहती हैं कि पारिवारिक विरासत व सम्मानजक पेशे के साथ राष्ट्रीय उत्तरदायित्व और बढ़ जाते हैं। सोफिया याद करती हैं कि वह जब सैन्य अकादमी के लिये चुनी गई तो देश विषम चुनौतियों का सामना कर रहा था। यह कारगिल युद्धध्का समय था। उल्लेखनीय है कि सोफिया ने वर्ष 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में भारतीय सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। प्रशिक्षण अभ्यास पूणे शहर में हुआ था। बताते हैं कि यह भारत में आयोजित सबसे बड़ा ग्राउंड फोर्सेज अभ्यास था, जिसमें आसियान प्लस देश शामिल थे। तब चालीस सैनिकों की टुकड़ी का नेतृत्व कर्नल सोफिया ने किया था। उन्हें इतने बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारतीय सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व करने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी होने का गौरव मिला था। दरअसल, सोफिया के सैन्य कैरियर में कई जगमगाते सितारे जड़े हुए हैं। वर्ष 2001–2002 में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान वह पंजाब सीमा पर तैनात थी। उसे उल्लेखनीय सेवा के लिये जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ से प्रशस्ति पत्र मिला। वर्ष 2006 में कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सैन्य शिक्षक के तौर पर उन्होंने कार्य किया। वहां छह साल तक काम किया, जहां उनकी भूमिका शांति अभियान में ट्रेनिंग संबंधित योगदान प्रदान करने की थी। वहीं दूसरी ओर वह सिग्नल रेजिमेंट के आतंकविरोधा मिशन में भी शामिल रही हैं। उन्हें सिग्नल रेजिमेंट में रहते हुए सैन्य संवाद में दक्ष माना जाता है। उन्होंने उत्तर–पूर्व भारत में आया विनाशकारी बाढ़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। यही वजह है कि पूर्वोत्तर में आपदा राहत के दौरान कम्युनिकेशन के जरिये असाधारण काम करने के कारण सिग्नल ऑफिसर–इन–चीफ से प्रशस्ति पत्र मिला था। सेना में स्थायी कमीशन के लिये सुप्रीम कोर्ट में 11 महिला सैन्य अधिकारियों ने एक याचिका दायर की थी कि सेना में लैंगिक समानता को प्राथमिकता दी जाए। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2020 में दिए गए ।

# चीन से रिश्तों को लेकर सजगता जरूरी

मेज. जन. अशोक

बीती एक अप्रैल को भारत–चीन संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चीनी राजदूत जू फेइहोंग और भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी द्वारा मिलकर केक काटना 'रिश्ते सामान्य हैं' का आभास पेश करना था। चूंकि चीन की प्रवृत्ति केवल अपना हित साधने की रही है, इसलिए यह उम्मीद न के बराबर थी कि विरासत समझकर कब्जाए देपसांग और डेमचोक को वह पूरी तरह छोड़कर पीछे हटेगा। लेकिन उसने ऐसा किया। यह प्रसंग चार अन्य टकराव बिंदुओं से सीमित रूप से पीछे हटने के अलावा है। तो 2024 की जुलाई और अक्तूबर माह के बीच देपसांग और देमचोक में उसके पीछे हटने को किसने उत्प्रेरित किया होगा? कहीं इसके पीछे कारण ट्रम्प का जीतना तो नहीं३ शायद है। जहां एक ओर अमेरिका चीन पर अपना ध्यान केंद्रित करने की खातिर रूस के साथ संबंध बेहतर करना चाहता है, वहीं चीन भी अमेरिका पर फोकस करने को भारत से संबंध सुधारना चाहेगा। 3 मार्च को लेक्स फ्रिडमैन के साथ अपने लंबे पॉडकास्ट में, मोदी ने कहा 'हमने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद सीमा पर स्थिति को सामान्य होने की तरफ लौटते देखा है। हम अब 2020 से पहले जो यथास्थिति सीमा पर थी, उसकी बहाली के लिए काम कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा।' कजान में किस नए जादुई मंत्र ने नेताओं का मार्गदर्शन टकराव टालने में किया, वह अज्ञात है। संसद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया था कि संबंधों के अन्य हिस्से का सामान्यीकरण सीमा तनाव के समाधान पर निर्भर करेगा। देमचोक और देपसांग में पीछे हटने का काम पूरा हो चुका है, जबकि पैंगोंग त्सो के उत्तर और दक्षिण के अन्य क्षेत्रों में, पीछे हटना अस्थायी और सीमित प्रकृति (बफर जोन) का रहा। उन्होंने कहा कि अगला कदम तनाव घटाने और फौज तैनाती कम करने का होगा। संबंधों में लगभग सामान्यीकरण हो चुका है यह बताने में जल्दबाजी दिखाकर भारत ने चाहे–अनचाहे चीनी विदेश मंत्री वांग यी की उस सलाह को मान लिया लगता है, जिसमें कहा गया था कि 2005 में बनी सहमति के मुताबिक द्विपक्षीय संबंधों में सीमा विवाद का मुद्दा यथेष्ट मौके के लिए छोड़ा जाए (जिसे भारत तथ्यात्मक रूप से गलत बताता है)। जयशंकर का यह बयान कि सीमा पर स्थिति का सामान्य होना द्विपक्षीय संबंधों की हालत को प्रतिबिंबित करता है, वांग की कही पर मुहर लगाता प्रतीत होता है। इस कूटनीतिक भाषा की बारीकी से इतर, 21 अक्तूबर को बनी सहमति के दो दिन बाद यानी 23 अक्तूबर को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह बयान अधिक वास्तविकता भरा था– 'कुछ हद तक गतिरोध बरकरार हैय वांछित अंतिम स्थिति तभी बनेगी, जब अप्रैल 2020 से पूर्व की यथास्थिति बहाल हो जाएगी।' लेकिन विदेश मंत्रालय फिर भी अड़ा रहा कि सेना प्रमुख ने जो कहा और उसके बयानों के बीच कोई विरोधाभास नहीं। जबकि विरोधाभास अनेक हैं जहां 32 दौर के विचार–विमर्शों के बाद डब्ल्यूएमसीसी का यह दावा करना कि 2020 में उभरे तमाम मुद्दों को सुलझा लिया गया है वहीं जयशंकर ने संसद को बताया कि चीन दो जगहों से पूरी तरह पीछे हटा है और बाकी जगह में सीमित तौर पर, इन दोनों बयानों में फर्क साफ है। इसी प्रकार, विशेष प्रतिनिधियों के बीच 23वें दौर की वार्ता फिर शुरू होने के बाद चीन का कहना कि छह–सूत्रीय सहमति बन गई है वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा घोषित स्थिति के बीच फर्क था। गत 21 अक्तूबर के समझौते के बाद वांग ने कहा कि यह सीमा पर बनी आमने–सामने की स्थिति का पटाक्षेप है और सीमा संबंधी विवाद को द्विपक्षीय संबंधों से अलग रखकर बरता जाना चाहिए। चीन में भारत के पूर्व राजदूत और 1996 में चीन के साथ बनी आचार संहिता में एक वार्ताकार रहे अशोक कांठा का कहना है कि 'बफर जोन' नामक नई अवधारणा बीच में घुसेड़ दी है, क्योंकि पहले से लंबित विवाद –बाराहोती 1956 और सुमदोरोंग चू 1997– में 'बफर जोन' जैसी चीज जरूरी नहीं मानी गयी थी। ऐसा लगता है भारत भी सीमा को लेकर चीनी शब्दावली बरतने को राजी हो गया। 'एलएसी' के बजाय केवल 'सीमा' कहना और 'पुरानी स्थिति की पुनर्बहाली' की जगह 'तनाव घटाने' और 'सैनिक तैनाती संख्या में कमी लाने' जैसे शब्द बरतने लगा है, जबकि चीनियों ने ये शब्द कभी इस्तेमाल नहीं किए क्योंकि उन्हें ये लागू करने ही नहीं। आमने–सामने के टकराव वाली स्थिति बनने के बाद, गलवान प्रसंग में चीन को क्लीन चिट देने की शुरुआती गलती के उपरांत भी कई मौकों पर अजीब ही स्थिति बनी , जब कहा गया , 'न तो कोई हमारे इलाके में घुसा है, न ही हम किसी के क्षेत्र में गए हैं।' किसी प्रकार का इलाकाई नुकसान न होने के दावों के बावजूद लगभग 2000 वर्ग किमी भूमि चीनी कब्जे में है। वर्ष 1956 में किए अपने दावों के अनुरूप चीन ने देमचोक से देपसांग तक की सीमा पर कई जगह घुसपैठें की हैं और कुछ टकराव बिंदुओं पर बफर जोन स्थापित कर दिए हैं जो कि मुख्यतः वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय हिस्से की तरफ हैं और देपसांग और देमसोक में समन्वित गश्त की अनुमति नहीं दी। सवाल यह बाकी है कि 65 गश्ती क्षेत्रों में कितने में हमें जाने दिया जा रहा, 2020 से पहले की यथास्थिति बहाली पर अगले कदम कितनी जल्दी उठाए जाएंगेय घोर खुफिया विफलताओं की किसकी जवाबदेही है आदि। सरकार ने संसद में यह कहकर किसी बहस की अनुमति नहीं दी कि इससे सैनिकों के मनोबल और राष्ट्रीय सुरक्षा पर विपरीत असर पड़ेगा। 'नेहरू के वक्त हमने अधिक भूमि खोई थी'।

# .......... विविध ..........

## 5 मसाले जो दवा की तरह करते हैं काम, बीपी से लेकर डायबिटीज में भी हैं फायदेमंद



खाना बनाने में मसालों का इस्तेमाल दुनिया भर में किया जाता है। ये मसाले खाने का स्वाद बढ़ाने का काम करते हैं। बिना मसालों के कोई भी डिश अधूरी सी लगती है। लेकिन मसालों का महत्व केवल स्वाद तक ही सीमित नहीं है। मसाले हमारी सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। भारत में प्राचीन काल से मसालों का इस्तेमाल न केवल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए किया जाता रहा है, बल्कि इनका इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज के लिए भी होता आया है। हल्दी, काली मिर्च, लौंग, अदरक, दालचीनी जैसे मसाले कई स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में सहायक होते हैं।

मसालों के स्वास्थ्य लाभ

मसालों का सेवन हमारे शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। खास बात ये है कि ये मसाले आसानी से हमारे घरों में उपलब्ध होते हैं और इनका इस्तेमाल सेहत को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, यदि इन मसालों का नियमित सेवन किया जाए तो यह हार्ट संबंधी बीमारियों और कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं से भी बचाव कर सकते हैं।

हल्दी

हल्दी भारतीय किचन का एक अहम हिस्सा है। यह न केवल खाने में स्वाद बढ़ाती है, बल्कि इसके स्वास्थ्य लाभ भी अनगिनत हैं। हल्दी में करक्यूमिन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो मस्तिष्क की सूजन को कम करता है और मेमोरी को सुधारता है। यह कुछ प्रकार के कैंसर से बचाव में भी मदद कर सकता है।

गठिया में राहत– करक्यूमिन गठिया के रोगियों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह दर्द और सूजन को कम करता है।

हृदय स्वास्थ्य– हल्दी गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है और बैड कोलेस्ट्रॉल को घटाती है, जिससे दिल की सेहत बनी रहती है।

अदरक

अदरक एक और मसाला है जिसे सदियों से बीमारियों के इलाज और स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल, सूजन–रोधी, और कैंसर रोधी गुण पाए जाते हैं। अदरक का इस्तेमाल आयुर्वेद में गठिया, मोच, मांसपेशियों के दर्द, गले में खराश, ऐंठन, कब्ज, अपच, उल्टी, हाई ब्लड प्रेशर, डिमेंशिया, बुखार और संक्रामक रोगों के इलाज के लिए किया जाता है।

अच्छी सेहत के लिए– यह हृदय रोग, कैंसर, अल्जाइमर और गठिया जैसी गंभीर बीमारियों से लड़ने में सहायक हो सकता है।

काली मिर्च

काली मिर्च को दुनिया भर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले मसालों में से एक माना जाता है। इसमें पिपेरिन नामक एक तत्व होता है, जो अन्य पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाता है। काली मिर्च में सूजन–रोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो हार्ट हेल्थ का समर्थन करते हैं और क्रोनिक बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

पाचन में मदद– काली मिर्च पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करती है और वजन घटाने में सहायक होती है।

दालचीनी

दालचीनी का स्वाद न केवल लाजवाब होता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होती है। इसमें सूजन–रोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। दालचीनी ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करती है और दिल की सेहत को बढ़ावा देती है।

डायबिटीज में लाभकारी– अध्ययनों से पता चला है कि दालचीनी टाइप 2 डायबिटीज के रोगियों में ब्लड शुगर के स्तर को कम कर सकती है।

हृदय स्वास्थ्य– यह उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल को घटाकर दिल की सेहत को बेहतर बनाती है।

लौंग

लौंग का इस्तेमाल न केवल खाने में, बल्कि चाय में भी किया जाता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो आपके शरीर को कई बीमारियों से बचा सकता है। लौंग कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करती है। यह सूजन को कम करने और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में भी सहायक होती है।

## गर्मी में बर्फ वाले पानी से मुंह धोते हैं

गर्मियों में बढ़ती गर्मी और धूप से राहत पाने के लिए अक्सर लोग बर्फ के पानी से मुंह धोने का तरीका अपनाते हैं। हालांकि, यह आदत आपकी त्वचा के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। बर्फ के पानी से मुंह धोने के कुछ संभावित नुकसान हैं, जिनके बारे में आपको जानना चाहिए, ताकि आप अपनी त्वचा की सही देखभाल कर सकें।

त्वचा में जलन और खुजली

बर्फ के पानी से मुंह धोने से त्वचा में जलन हो सकती है। साथ ही, चेहरे पर खुजली और रूखापन भी महसूस हो सकता है। ठंडा पानी आपकी त्वचा को झकझोर कर रख सकता है, जिससे आपकी त्वचा पर असहजता हो सकती है।

बैक्टीरिया और गंदगी का खतरा

गंदे चेहरे पर बर्फ का पानी डालने से आपकी त्वचा के पोर्स में बैक्टीरिया और गंदगी घुस सकती है। यह संक्रमण का कारण बन सकता है, जिससे मुंहासे और त्वचा के अन्य संक्रमणों की समस्या बढ़ सकती है।

सर्दी–गर्मी का असर

अगर आप धूप से बाहर आकर तुरंत बर्फ के पानी से मुंह धोते हैं, तो सर्दी–गर्मी के बीच का अंतर आपके चेहरे को लाल कर सकता है और सूजन भी आ सकती है। इससे आपकी त्वचा और नाजुक हो सकती है, खासकर अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है।

संवेदनशील त्वचा पर प्रभाव

कुछ लोगों की त्वचा बहुत संवेदनशील होती है। ऐसे में बर्फ के पानी से त्वचा को धोने से उनकी समस्या और भी बढ़ सकती है। ठंडा पानी सीधे त्वचा के नुकसान का कारण बन सकता है, और उसे और ज्यादा संवेदनशील बना सकता है।

स्किन डैमेज और ब्लड फ्लो में कमी



बर्फ के पानी से चेहरे को धोने से आपकी स्किन को नुकसान हो सकता है। ठंडा पानी आपकी रक्त वाहिकाओं को सिकोड़ सकता है, जिससे ब्लड फ्लो में कमी हो सकती है। इस स्थिति में आपकी त्वचा को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है, जिससे वह डैमेज हो सकती है।

गर्मियों में बर्फ के पानी से मुंह धोने का तरीका भले ही ताजगी का अहसास दिलाता हो, लेकिन यह आपकी त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसके बजाय, अपनी त्वचा को ठंडे पानी से धोने, हाइड्रेट रखने और सनस्क्रीन लगाने की आदत डालें, ताकि आपकी त्वचा स्वस्थ और सुरक्षित रहे।

## त्वचा के लिए ही नहीं बालों के लिए वरदान है मुल्तानी मिट्टी, बनाएं ये आसान हेयर पैक

अधिकतर लोग सोचते हैं कि मुल्तानी मिट्टी सिर्फ त्वचा के लिए फायदेमंद होती है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि यह बालों के लिए भी बहुत असरदार है। अगर आप अपने हेयर केयर रूटीन में केमिकल–फ्री और प्राकृतिक चीजों को शामिल करना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी आपके लिए बेस्ट विकल्प हो सकती है।

केमिकल–फ्री हेयर पैक बनाने का तरीका

सामग्री

2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी

4 चम्मच दही

1 चम्मच नींबू का रस

( चम्मच बेकिंग सोडा

बनाने की विधि

एक साफ कटोरी लें और उसमें दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी डालें। अब उसमें चार चम्मच ताजा दही मिलाएं। फिर एक चम्मच नींबू का रस और ( चम्मच बेकिंग सोडा डालें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक स्मूद पेस्ट बना लें।

हेयर पैक लगाने का सही तरीका

इस तैयार पेस्ट को अब अपने बालों और स्कैल्प (खोपड़ी) पर अच्छी तरह से लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों में लगा रहने दें ताकि सभी पोषक तत्व जड़ों में अच्छे से समा जाएं। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से सामान्य शैम्पू से बाल धो लें। पहली बार में ही फर्क नजर आने लगेगा।

क्या हैं इसके फायदे?

बालों की जड़ों को बनाएं मजबूत– मुल्तानी मिट्टी में मौजूद मिनरल्स बालों की जड़ों को पोषण देते हैं और उन्हें मजबूत बनाते हैं।



हेयर फॉल में आराम– अगर आप बाल झड़ने की समस्या से परेशान हैं, तो यह हेयर पैक आपके लिए बहुत कारगर हो सकता है। इसे सप्ताह में 1–2 बार जरूर इस्तेमाल करें।

रूखे बालों को बनाएं सॉफ्ट– क्या आपके बाल बहुत ज्यादा ड्राय और बेजान हो गए हैं? तो ये पैक उन्हें नरम, मुलायम और मॉइस्चराइज्ड बना देगा।

बालों में शाइन और सिल्की टच–मुल्तानी मिट्टी के साथ दही और नींबू मिलाने से बालों में नेचुरल चमक और सिल्की फील आता है।

मुल्तानी मिट्टी सिर्फ त्वचा ही नहीं, बल्कि बालों की देखभाल के लिए भी एक जबरदस्त नेचुरल उपाय है। इसे अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करें और केमिकल्स से दूर रहकर भी स्वस्थ, घने और चमकदार बाल पाएं।

# सैन्य मेडिकल टीमें व उपकरण सरहद की ओर रवाना, सपोर्ट सिस्टम अलर्ट मोड पर, छुट्टियां निरस्त

लखनऊ, (संवाददाता)। भारत के जम्मू कश्मीर और सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान ड्रोन के हमले के बाद सैन्य मेडिकल टीमें सरहद की ओर रवाना कर दी गई हैं। वहीं, पूरे सैन्य सपोर्ट सिस्टम को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। जम्मू–कश्मीर के कई इलाकों में पाकिस्तानी ड्रोन के हमलों के बाद लखनऊ से सेना की मेडिकल टीमें व उपकरणों को रवाना किया गया है। इसके साथ ही सैन्य सपोर्ट सिस्टम को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। सैन्यकर्मियों की छुट्टियां कैंसिल हो गई हैं। लखनऊ में सेना की सबसे बड़ी मध्य कमान है। इसके तहत आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) आती है। इसके अलावा लखनऊ पीस एरिया में आता है। अब यहां तैनात सैन्यकर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है। छुट्टियां कैंसिल कर सभी को ड्यूटी पर वापस बुलाया गया है। युद्ध की स्थिति देखते हुए लखनऊ से आवश्यक मेडिकल असिस्टेंट रवाना किया जा रहा है। इसमें सैन्य चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ सहित उपकरणों को भेजा जा रहा है। अन्य टीमें तैयार हैं और आवश्यकता होने पर तत्काल रवाना होंगी।



प्रशासन सक्रिय, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट की सघन जांच

देश में युद्घ के हालातों के बीच छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के मिसाइल हमलों के प्रयास के बाद भारत ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की है। चूंकि लखनऊ में सेना की सबसे बड़ी मध्य कमान का मुख्यालय है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता किया गया है। सूत्र बताते हैं कि छावनी में सभी प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी से हर आने–जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। वाहनों की भी जांच हो रही है। प्रपत्र व पहचान पत्र जांचे जा रहे हैं। संदिग्धों पर खास नजर है। कमांड अस्पताल व बेस अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है।

# अखिलेश यादव की मांग, महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का हो सार्वजनिक अवकाश

लखनऊ, (संवाददाता)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति में महापुरुषों को नहीं लाना चाहिए और न ही किसी दल को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का सार्वजनिक अवकाश दिए जाने की मांग भी की। साथ ही कहा कि भाजपा के एजेंडे में न कभी नौकरी रही और न कारोबार। ज्तमदकपदह टपकमवे पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर गोमती रिवर फ्रंट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाई जाएगी, जिसके हाथ में चमकती हुई सोने की तलवार होगी। एक सवाल के जवाब में अखिलेश ने



कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक जाति के नहीं है, बल्कि सभी के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंडे में कारोबार नहीं है, इसलिए सैकड़ों वर्षों से लग रहे मेलों का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि जब देश युद्ध में उलझा हुआ है सरकार गुपचुप ढंग से एलओआई (आशय पत्र) जारी कर रही है। उधर, प्रदेश सपा मुख्यालय पर शुक्रवार को क्षत्रियों के प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह और पूर्व सांसद अरविंद सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने सीएम योगी से की मुलाकात

लखनऊ, (संवाददाता)। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा शुक्रवार सुबह लखनऊ पहुंच गए हैं। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान वह लखनऊ और बाराबंकी में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार दोपहर को उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कई



मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से भी मुलाकात की। बंगा मुख्य सचिव की मौजूदगी में स्टेकहोल्डर्स के साथ राउंड टेबल बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद वह सीएम योगी से उनके आवास पर मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह चिनहट ब्लॉक के टेक होम राशन (टीएचआर) प्लांट का दौरा करेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट

लखनऊ, (संवाददाता)। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव की वजह से प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित करने के बाद सीमावर्ती इलाकों और संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। यूपी पुलिस की सभी शाखाओं के साथ केंद्रीय खुफिया एजेंसियां भी हाई अलर्ट पर हैं और पल–पल की सूचनाएं गृह मंत्रालय को भेजी जा रही हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश के बाद महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकानों आदि का सुरक्षा घेरा लगातार मजबूत किया जा रहा है। खासकर नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ प्रदेश पुलिस ने चप्पे–चप्पे की निगरानी और चेकिंग शुरू कर दी है। दरअसल, बदले हालात में प्रदेश में अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की साजिश रचे जाने की आशंका जताई गई है। इसके मद्देनजर पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। खासकर लांग टर्म वीजा पर रहने वाले पाकिस्तानियों, बांग्लादेशी, रोहिंग्या समेत यूपी में मौजूद विदेशी नागरिकों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रहा है। डीजीपी मुख्यालय की सोशल मीडिया सेल सभी जिलों के साथ समन्वय स्थापित कर सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ और अफवाह संबंधी पोस्ट का संज्ञान लेकर विधिक कार्यवाही कर रहा है। खासकर सेना के मूवमेंट, फेक न्यूज, पुरानी घटनाओं से संबंधित पोस्ट का संज्ञान लेकर उसे तत्काल हटवाया जा रहा है। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को किराएदारों का सत्यापन कराने को भी कहा गया है। सभी एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों पर निगरानी के बंदोबस्त किए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के जिन 19 संवेदनशील स्थानों पर मॉक ड्रिल करने को कहा था, वहां पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है और हर व्यक्ति को चेकिंग के बाद ही परिसर में प्रवेश करने करने दिया जा रहा है।

# हमें पाक के हमले का डर नहीं...सेना पर पूरा भरोसा



लखनऊ, (संवाददाता)। पाकिस्तान की ओर से किए गए हमलों को नाकाम करने वाली इंडियन आर्मी व हमारे देश के नेतृत्व के प्रति पाकिस्तान की सीमावर्ती इलाके के लोगों में कितना भरोसा है, इसका अंदाजा अमृतसर के दुर्गियाणा काली मंदिर के महंत स्वामी गिरिजा शरण अवस्थी की बातों से लगाया जा सकता है। शहर में पूर्व विधायक स्वर्गीय राम नरेश रावत की पुत्री पल्लवी के विवाह समारोह में बृहस्पतिवार की रात स्वामी गिरजा शरण आए हुए थे, लेकिन वह अपने मोबाइल पर अमृतसर व अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी व उसके जवाब में हिंदुस्तान की आर्मी द्वारा पाकिस्तान के लाहौर व अन्य स्थानों पर हो रही सैन्य कार्रवाई के बारे में देख रहे थे। एलओसी से मात्र 30 किलो मीटर अमृतसर के हकीमा गेट के पास इनका मंदिर है। उन्होंने बताया कि मंदिर के आसपास भी गोले आकर गिरे मगर कोई हताहत नहीं हुआ। ब्लैक आउट का पालन लोग कर रहे हैं। मंदिर में पूरा परिवार है, पुत्र पूरी तरह मुश्तैद है। जरूर पड़ी तो आर्मी के साथ युद्ध में भी जाएगा। स्वामी जी के चेहरे पर पाकिस्तानी हमलों की कोई शिकन नहीं दिखी, बल्कि चेहरे पर और भी चमक थी, बोले कि प्रधानमंत्री मोदी व इंडियम आर्मी पर भरोसा है।

# लखनऊ में छावनी और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ी, खुफिया तंत्र सक्रिय, छुट्टियां हो सकती हैं रद्द



लखनऊ, (संवाददाता)। भारत और पाकिस्तान बीच तनावपूर्ण माहौल के चलते उत्तर प्रदेश में छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के मिसाइल हमलों के प्रयास के बाद भारत ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की है। चूंकि लखनऊ में सेना की सबसे बड़ी मध्य कमान का मुख्यालय है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता किया गया है। सूत्र बताते हैं कि छावनी में सभी प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी से हर आने–जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। वाहनों की भी जांच हो रही है। प्रपत्र व पहचान पत्र जांचे जा रहे हैं। संदिग्धों पर खास नजर है। कमांड अस्पताल व बेस अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। सूत्र बताते हैं कि सेना का खुफिया तंत्र और लोकल इंटेलीजेंस छावनी के साथ शहर के अलग–अलग प्रमुख इलाकों पर पैनी नजर रखे हुए है। सिविल पुलिस, सेना, आईबी आदि के साथ समन्वय स्थापित कर सूचनाओं को साझा भी किया जा रहा है। युद्ध जैसे हालात देखते हुए रेलवे प्रशासन आरपीएफ व जीआरपी जवानों की छुट्टियां रद्द कर सकता है। इसके लिए जवानों को सूचित किया गया है, हालांकि अफसर अभी खुलकर कुछ नहीं बता रहे। स्टाफ की कमी के चलते छुट्टियां निरस्त कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने की तैयारी है। रेलवे सूत्र बताते हैं कि चारबाग व लखनऊ जंक्शन सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अफसर इसकी तैयारी में जुट गए हैं। ड्रोन का ऑपरेशन कंट्रोल रूम से किया जाएगा। स्टेशनों पर इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। 155 सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन करेगा आंदोलन

लखनऊ, (संवाददाता)। उप्र आवास एवं विकास परिषद के मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन ने लंबित समस्याओं के समाधान न होने की स्थिति में परिषद मुख्यालय पर आमसभा के जरिए घेराव और आंदोलन की बात कही है। पदाधिकारियों ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को एसोसिएशन और अपर आवास आयुक्त व सचिव के बीच हुई बातचीत में लंबित समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। इसके बावजूद परिषद प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई। मिनिस्टीरियल स्टाफ संवर्ग के कार्मिको को पिछले चार वर्षों से प्रोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है। वरिष्ठ सहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए राजमणि मिश्रा के पेंशन प्रपत्रों को तीन माह बीत जाने पर भी पेश नहीं किया गया।

### टीबी के 29 मरीजों को रेडक्रॉस सोसाइटी ने गोद लिया

लखनऊ, (संवाददाता)। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने रेडक्रॉस दिवस पर बृहस्पतिवार को बलरामपुर अस्पताल के 29 टीबी मरीजों को गोद लिया है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सोसाइटी के चेयरमैन ओपी पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्र व कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार समेत अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल रहे। बलरामपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार, एसके पांडेय, हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ. एके गुप्ता, डॉ. उस्मानी, मनीष कुमार, ज्योति खरे और कार्तिक माथुर को सोसाइटी की तरफ से सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों को पोष्टिक आहार वितरित किया। उन्होंने मरीजों से अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। गोद लिए गए मरीजों को 6 माह तक निशुल्क पौष्टिक आहार वितरित किया जाएगा। अस्पताल की तरफ से डीएम को बताया गया कि मरीजों की समय समय पर जांच की जाती है। सभी दवाएं फ्री दी जाती है।

### बिना टिकट सफर करते मिले 27 यात्री

लखनऊ, (संवाददाता)। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल के निर्देश पर बृहस्तपतिवार को सीनियर डीसीएम आशुतोष गुप्ता व एसीएम मुकेश कुमार की टीम ने टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इसमें लखनऊ–लखीमपुर रेलखंड पर ट्रेन 15009 गोरखपुर–पीलीभीत एक्सप्रेस और 55083 मैलानी–डालीगंज में बेटिकट यात्रियों की धरपकड़ हुई। लखीमपुर और सीतापुर स्टेशन पर भी टिकटों की जांच की गई। 27 यात्रियों को बिना टिकट सफर करते पकड़ा गया। इनसे 9,055 रुपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) मोबाइल एप की जानकारी भी दी गई।

### रेलवेकर्मियों की समस्याएं दूर करना प्राथमिकता

लखनऊ, (संवाददाता)। डीआरएम कार्यालय सभागार में बुधवार को डीआरएम की अध्यक्षता में एससी एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें कर्मचारियों के हितों पर चर्चा के साथ समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करने की बात कही गई। डीआरएम गौरव अग्रवाल ने कहा, ट्रेनों के संचालन में कर्मचारी एसोसिएशनों की भूमिका अहम होती है।

# पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, चोरी की वारदात के दौरान मालिक की हत्या के बाद हो रही थी तलाश

लखनऊ, (संवाददाता)। गोंडा जिले के उमरीबेगमगंज में बृहस्पतिवार की रात पुलिस व बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि 24 व 25 अप्रैल की रात उमरीबेगमगंज क्षेत्र के रहने वाले देवीदीन निवासी पूरे तिलक धन्नीपुरवा डिक्सिर के घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की जा रही थी। चोरी की घटना के दौरान शिवदीन के जग गये। उन्होंने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया जिस पर बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इस मामले के खुलासे के लिए तीन पुलिस टीम लगाई गई थी। बृहस्पतिवार की रात एसओजी और सर्विलांस व थाना उमरीबेगमगंज की संयुक्त पुलिस टीम व बाइक सवार बदमाशों के बीच दुर्गापुर मोड़ मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में बृजेश उर्फ छोटू पासी निवासी मदनवा राजापुर थाना परसपुर व पल्लू पासी निवासी अकनिया माझा पसीयन परुवा पसका थाना परसपुर के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गए। एक बदमाश नानमुन्ना लोध को पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया। घायल बदमाशों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एसपी ने बताया कि बदमाशों के कब्जे से पिस्टल, तमंचा व चोरी किए गए जेवरात बरामद किए गए हैं। आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# वेतन, मेडिकल देने के लिए धरने पर बैठे डीआर, कुलपति से भी हुई नोकझोंक

लखनऊ, (संवाददाता)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में वेतन, मेडिकल, कर्मचारियों के वेतन से कटौती आदि समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति प्रो. जेपी पांडेय से मिलने गया। इसे लेकर कुलपति से नोकझोंक हुई। इसके बाद विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार आरके सिंह कुलपति कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि आठ महीने से उनको वेतन नहीं दिया जा रहा है। कुलपति, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, वित्त अधिकारी भी बायोमेट्रिक नहीं लगा रहे हैं। कर्मचारियों का प्रमोशन नहीं किया जा रहा है। उनके व कुछ अन्य कर्मचारियों के खिलाफ विद्वेशपूर्ण भावना से कार्यवाही की जा रही है। आज जब वह कुलपति से मिलने गए तो कुलपति ने उनसे वार्ता नहीं की। वहीं कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि बायोमेट्रिक न लगाने की वजह से डीआर का वेतन रुका है। वीसी, रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी व परीक्षा नियंत्रक विवि के फुल टाइम अधिकारी हैं। डीआर विश्वविद्यालय के आदेशों की अवहेलना व कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ काम कर रहे हैं। मैं हर शुक्रवार कर्मचारियों से मिलता हूं इस तरह ग्रुप बनाकर किसी आने वाले से मुलाकात नहीं होगी।

# घर में नहीं है पार्किंग की जगह तो बाहर खड़ा कर सकेंगे वाहन

लखनऊ, (संवाददाता)। अगर आपके घर में चार पहिया वाहन खड़ा करने का स्थान नहीं है तो रात को घर के बाहर वाहन खड़ा करने की सुविधा ले सकते हैं। इसके एवज में नगर निगम को मामूली शुल्क देना होगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा रात्रि पार्किंग के लिए जमीन आरक्षित की जाएगी। इसके साथ ही शहरों में जाम की समस्या को देखते हुए त्योहारों व मेलों के मौके पर फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग की वैकल्पिक सुविधा दी गई है। हरियाली वाले स्थानों पर पार्किंग का ठेका नहीं दिया जाएगा। शासन ने नई नियमावली के तहत पार्किंग की दरें भी तय कर दी हैं। कैबिनेट की मंजूरी के बाद नगर विकास विभाग ने उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन) नियमावली–2025 की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक पहले चरण में लखनऊ, कानपुर, आयोध्या, अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, फिरोजाबाद, बरेली, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, शाहजहांपुर व सहारनपुर के लिए यह सुविधा होगी। नगर निगमों में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय कमेटी होगी। सहायक अभियंता को इसका सदस्य सचिव बनाया जाएगा। कमेटी 90 दिनों में पार्किंग स्थलों की सूची जारी करेगी। पीपीपी मॉडल पर भी पार्किंग



की सुविधा विकसित करने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। बसों–मेट्रो से चलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा सिटी बसों और मेट्रो रेल पर चलने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, कार्यालय, स्कूल, डिग्री कॉलेज, छात्रावासों, फैक्ट्रियों, अस्पतालों, व्यावसायिक भवनों के पास लोगों की सुविधाओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। गलियों और मिश्रित भू–उपयोग वाले स्थानों पर भी पहली बार पार्किंग ठेका देने की व्यवस्था की गई है। सभी सार्वजनिक, व्यावसायिक और संस्थागत भवनों में समुचित पार्किंग की व्यवस्था कराना अनिवार्य होगा। बड़े पार्किंग स्थलों पर कार बाजार के साथ उसमें कार धुलाई की व्यवस्था भी होगी। विदेशों की तर्ज पर मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था होगी, जहां पर लिफ्ट के माध्यम से कारों को पार्क करने की व्यवस्था होगी। पार्किंग चलाने के लिए लेना होगा लाइसेंस खुले स्थान पर भी पार्किंग का ठेका दिया जाएगा। इसमें मैदान, सड़क के किनारे चौड़े फुटपाथ वाले स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था होगी। कोई भी व्यक्ति मनमाने तरीके से अपने घर के बाहर या फिर अपनी खाली जमीन पर पार्किंग नहीं चला पाएगा। उसे ऐसी पार्किंग चलाने के लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना होगा। पार्कों के नीचे भूमिगत पार्किंग की अनुमति इस शर्त के साथ दी जाएगी कि इसके ऊपर 95 प्रतिशत भाग पर हरियाली होनी चाहिए। नगर आयुक्त 30 दिनों में कोई भी ठेक रद्द कर सकेंगे।

# मानक नगर स्टेशन पर बम की सूचना से हड़कंप, पूरी ट्रेन को किया गया चेकय बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था



लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ के मानक नगर स्टेशन पर बम की सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। यह सूचना कानपुर से प्राप्त हुई। आनन–फानन पुलिस वहां पहुंची। वहां पर आई ट्रेन 15084 उत्सर्ग एक्सप्रेस को पूरी तरह से चेक किया गया। चेक करने के बाद ही ट्रेन को रवाना किया गया। पूरी ट्रेन को चेक करने के बाद यह सूचना फर्जी निकली देश में युद्घ के हालातों के बीच छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के मिसाइल हमलों के प्रयास के बाद भारत ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की है। चूंकि लखनऊ में सेना की सबसे बड़ी मध्य कमान का मुख्यालय है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता किया गया है। सूत्र बताते हैं कि छावनी में सभी प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी से हर आने–जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। वाहनों की भी जांच हो रही है। प्रपत्र व पहचान पत्र जांचे जा रहे हैं। संदिग्धों पर खास नजर है। कमांड अस्पताल व बेस अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। सूत्र बताते हैं कि सेना का खुफिया तंत्र और लोकल इंटेलीजेंस छावनी के साथ शहर के अलग–अलग प्रमुख इलाकों पर पैनी नजर रखे हुए है। सिविल पुलिस, सेना, आईबी आदि के साथ समन्वय स्थापित कर सूचनाओं को साझा भी किया जा रहा है। ड्रोन से होगी रेलवे स्टेशन और रूट की निगहबानी युद्ध की स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन आरपीएफ व जीआरपी जवानों की छुट्टियां रद्द कर सकता है। इसके लिए जवानों को सूचित किया गया है, हालांकि अफसर अभी खुलकर कुछ नहीं बता रहे। स्टाफ की कमी के चलते छुट्टियां निरस्त कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने की तैयारी है। रेलवे सूत्र बताते हैं कि चारबाग व लखनऊ जंक्शन सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अफसर इसकी तैयारी में जुट गए हैं। ड्रोन का ऑपरेशन कंट्रोल रूम से किया जाएगा। स्टेशनों पर इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। 155 सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। ट्रेनों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है। संदिग्ध यात्रियों की औचक जांच होगी। लखनऊ के रास्ते आने–जाने वाली 54 ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जाएगा, जिससे ट्रेनों में अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके। एयरपोर्टः अतिरिक्त समय लेकर पहुंचें यात्री अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वह अतिरिक्त समय लेकर एयरपोर्ट पहुंचे। सीएसआईएफ जवान बोर्डिंग व विमान में प्रवेश से पहले यात्रियों की गहन जांच कर रहे हैं। परिसर में बुलेटप्रूफ वाहनों से गश्त की जा रही है। यहां सुरक्षाकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है। चप्पे–चप्पे पर सीएसआईएफ नजर रखे हुए है।

# रोजगार पाकर 549 अभ्यर्थियों के खिले चेहरे



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर 09 मई,– राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्धिकपुर जौनपुर परिसर में वृहद अप्रेंटिस तथा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चंद्र यादव जी, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मा0 मंत्री जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1500 रही, जिसमें रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 549 है।मा0 मंत्री जी द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरण कर अभ्यर्थियों के मनोबल को बढ़ाया गया। तत्पश्चात रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया, मा0 मंत्री जी द्वारा राजकीय आईटीआई के विद्युत कनेक्शन को शहरी अंचल से जोड़ने हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा ऑडिटोरियम, महिला आईटीआई बिल्डिंग, केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ जल्द प्रारंभ किये जाने की बात कही गई, उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में युवाओं को अत्यधिक रोजगार प्राप्त कराया गया है एवं कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त की गई, नोडल प्रधानाचार्य द्वारा माननीय मंत्री जी को बुके तथा शाल भेंट कर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों के उत्साहवर्धन के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया, तथा अभ्यर्थियों को स्वस्थ रहने के मूल मंत्र दिए गए, वहीं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से संचालित नवनिर्मित कौशलम् केंद्र का गहन निरीक्षण कर मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के उत्साहवर्धन हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र दिया गया। प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई शाहगंज बृजेश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंहानिया, करंजाकला ब्लॉक के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकेशर पाल, आई.आई.ए. के अध्यक्ष बृजेश यादव, हॉकिंस कंपनी के प्रमुख अमित जिंदल, यूं.ए.एल. के मैनेजर ए.भी.सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी जयप्रकाश पासवान तथा उद्योग विभाग के अधिकारी जयप्रकाश सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ कार्यदेशक अखिलेश कुमार सिंह, हरेंद्र यादव अनुदेशक देवेश यादव, शशिकांत सिंहानी, आशीष सिंह,पवन प्रजापति, राकेश पाल, मनीष यादव, प्रधान सहायक मनोज सिंह तथा रोहित सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, मंच का सफल संचालन अनुदेशक अजय यादव द्वारा किया गया। अंत में नोडल प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए नियोक्ताओं तथा ड्यूटी में लगे समस्त कर्मचारीयों को सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई तत्पश्चात समापन की घोषणा की गई तथा मा0 मंत्री जी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनीष कुमार पाल रहे।

# देश की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाया जाएगा : जय वीर सिंह




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर एक भव्य समरोह शुक्रवार को कलेक्ट्रट स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया।इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह ने नगर के कालीचबाद तिराहे पर बने महाराणा प्रताप के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। कलेक्ट्रेट परिसर में पहुचने पर समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री जय वीर ने दीप प्रज्वलित कर व महाराणा प्रताप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।मंत्री ने महाराणा प्रताप के शौर्य और देश के प्रति निष्ठा को याद किया। मंत्री ने भारत–पाक संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को जवाब दे रही है। सेना ने पाकिस्तान की मिसाइलों और हमलों को प्रभावी तरीके से नाकाम किया है। जयवीर सिंह ने श्ऑपरेशन सिंदूरश का जिक्र किया। इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने 1971 और 1965 की लड़ाइयों का उल्लेख करते हुए भारतीय सेना की ताकत की सराहना की। मंत्री ने कहा कि सरकार की रणनीतियों से सुरक्षा बलों को सफलता मिल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि देश की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। मंत्री ने महाराणा प्रताप की वीरता को प्रेरणास्रोत बताते हुए देश के प्रति निष्ठा और समर्पण का आह्वान किया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सेना के प्रति सम्मान का प्रतीक बना।

# "पेरियो-ला-पीजो" का आयोजन सरस्वती डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। सरस्वती डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, लखनऊ के परियोडोंटोलॉजी विभाग द्वारा भारतीय




परियोडोंटोलॉजी सोसाइटी आई.एस.पी. के तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम "पेरियो–ला–पीजो" का आयोजन 9 मई 2025 को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम परियोडोंटोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी प्रगति और अकादमिक उत्कृष्टता का संगम प्रस्तुत करेगा। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँगे मुख्य अतिथि राजीव कृष्ण (आई. पी. एस.) , महानिदेशक, पुलिस सतर्कता विभाग, उत्तर प्रदेश। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे डॉ. मुकेश मटनेलिया, राज्य नोडल अधिकारी, एनटीसीपी (उत्तर प्रदेश), एवं सतीश त्रिपाठी, राज्य सलाहकार, एनटीसीपी (उत्तर प्रदेश)। इन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति इस कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान करेगी और जनस्वास्थ्य तथा क्लीनिकल प्रैक्टिस के समन्वय को बल देगी।

कार्यक्रम में देशभर से पधार रहे परियोडोंटोलॉजी क्षेत्र के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे, जिनमें शामिल हैंरू

लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. सतीशा टी. एस.

डॉ. निंफिया पंडित

डॉ. विशाखा ग्रोवर

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ होगा, जो शिक्षा और ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक होगा। इसके पश्चात एक ट्रेड फेयर का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें दंत चिकित्सा से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, उपकरणों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतिभागियों को इन अत्याधुनिक संसाधनों के प्रत्यक्ष अनुभव का अवसर प्राप्त होगा।

इस कार्यक्रम की विशेषता इसके हैंड्स–ऑन वर्कशॉप्स हैं, जो लेजर थैरेपी और मैग्नेटिक मैलेट पर केंद्रित होंगी। ये कार्यशालाएं विशेष रूप से पीजी छात्रों और दंत चिकित्सकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी।

इस आयोजन को सरस्वती डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की प्रमुख हस्तियों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है, जिनमें शामिल हैंरू

श्रीमती मधु माथुर (चेयरपर्सन), डॉ. रजत माथुर (अध्यक्ष), डॉ. कुणाल साह (प्राचार्य), एवं डॉ. कमलेश सिंह (उप–प्राचार्य)

समापन सत्र में डॉ. रजत माथुर ने परियोडोंटोलॉजी विभाग के सराहनीय प्रयासों के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की, विशेष रूप से इस दूरदर्शी पहल को साकार रूप देने में जिनका मार्गदर्शन और योगदान प्रमुख रहा दृ कर्नल (डॉ.) अनिल कुमार झा (आयोजन अध्यक्ष), डॉ. विवेक बैंस (आयोजन सचिव), डॉ. चेतन चंद्रा (वैज्ञानिक समिति अध्यक्ष), डॉ. रुचि श्रीवास्तव (पंजीकरण प्रभारी), तथा डॉ. सुनाक्षी सोई (कोषाध्यक्ष)।

"पेरियो–ला–पीजो" के माध्यम से सरस्वती डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल एक बार फिर यह सिद्ध करने जा रहा है कि वह दंत चिकित्सा शिक्षा, नवाचार और उत्कृष्ट रोगी देखभाल के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# लग रही है राष्ट्रीय लोक अदालत, ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण के लिए पहुंचे जनपद न्यायालय




हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना)

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025 दिन शनिवार को किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई द्वारा की जाएगी। अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने आम जनता से अपील करते हुऐ कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर कराते हुए लोक अदालत को सफल बनायें। अपर जिला जजध सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि इस लोक अदालत में न्यायालयों में मुकदमे लगाए गए हैं, जिनके अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी के साथ अपर जिला जज द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आम जनता को मिलने वाली राहत के लिए हरदोई जिले की समस्त बैंकों को बुलाया गया है जिसमें बैंकों द्वारा नोटिस जारी करवाए गए हैं, जिनके निस्तारण के लिए सभी जनता से अनुरोध किया गया है कि वह अपने मुकदमों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए लोक अदालत में जरूर पधारें। कोई भी व्यक्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने मुकदमों का निस्तारण इस लोक अदालत में करा सकता है। ई–चालान के लिए निस्तारण करा सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा–138 एन0आई0एक्ट0, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्दुत एवं जल बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# पाकिस्तान में जाकर आतंकियों के सर कलम कर लाऊंगा भारत : अनूप सिंह



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

कोतवाली एवं तहसील शाहाबाद के ग्राम मिठनापुर निवासी रवि सिंह के पुत्र अनूप सिंह जो फौज में नायक के पद से सेवानिवृत हो चुके हैं उनका जन्म 15 अगस्त 1984 को हुआ था और बचपन से ही होनहार है कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षा प्राथमिक विद्यालय गांव में एवं कक्षा आठ तक की शिक्षा जूनियर हाई स्कूल शर्मा और इंटर तक की शिक्षा शाहाबाद और बीकॉम जनपद शाहजहांपुर से किया पढ़ाई के दौरान अनूप सिंह ने आर्मी जॉइन कर ली 1 सितंबर 2003 को और 31 अगस्त 2020 को नायक के पद से सेवानिवृत हुए उनके परिवार में दो चाचा भी फौज में सेवा दे चुके एक चाचा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए थे राजीव सिंह दूसरे उनके चाचा राकेश सिंह रिटायर होकर घर पर अपना कामकाज देख रहे हैं इधर पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद से सैनिकों का खून खौल उठा जिस तरीके से आतंकियों ने बहन बेटियों के सिंदूर उजाड़े और अपनी गोलियों का निशाना बनाया वहीं सरकार ने भी अहम फैसला लेते हुए भारतीय सैनिकों को जिम्मेदारी दी और इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा इतना ही नहीं दो–दो महिला कमांडरों को जिम्मेदारी सौंप दी गई और पाकिस्तान में घुसकर ताबड़ तोड़ गोलीबार करते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया इस पर आर्मी से सेवानिवृत हुए नायक अनूप सिंह ने कहा कि मैं सरकार से अनुरोध करता हूं की जो जंग छिड़ी है इस जंग में मुझे दोबारा मौका दिया जाए और मैं भारत मां की कसम खाकर कहता हूं पाकिस्तान में घुसकर उन आतंकियों के सर कलम कर भारत लाऊंगा क्योंकि शुरुआत पाकिस्तान ने की और उसका अंत हिंदुस्तान करेगा।

# स्थानीय स्टेट टैक्स अधिकारी मनमानी कर रहे हैं इंस्पेक्टर राज कायम है इनका निवारण हो



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ ।मीराबाई मार्ग स्टेट जीएसटी कार्यालय पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की व्यापारिक समस्याओं के निस्तारण एवं सुझाव हेतु बैठक आहूत हुई। अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि जब टैक्स की दरें समान नहीं होंगी मीटिंग का कोई मतलब नहीं स्थानीय स्टेट टैक्स अधिकारी मनमानी कर रहे हैं इंस्पेक्टर राज कायम है इनका निवारण हो वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि एक देश एक कर की संज्ञा में कई बार व्यापार मंडल की माँग रही कि एक ट्रेड एक टैक्स की प्रणाली हो अलग अलग भ्ेछ कोड से मुक्ति की माँग है हमारी बैठक में अपर आयुक्त धनजय शुक्ला,राजेश पांडे एडिशनल कमिश्नर ग्रेड टू,अमरेश बजाए ,एडिशनल एसआईबी सतीश मिश्रा डीसी नीरज सिंह आदि व्यापार मंडल से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा,वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा,कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता,उपाध्यक्ष अरविंद पाठक,उपाध्याय राजू शुक्ला ,वरिष्ठ मंत्री रूबल सिंह,संघटन मंत्री कुश अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, बलिदान और धर्म की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण : गिरीश चंद्र यादव



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना जीवन अर्पण करनेवाले, वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर आज खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने नगर के कालीचाबाद तिराहे पर स्थित महाराणाप्रताप के प्रतिमा पर पुष्पांजली किया । इस अवसर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी महाराणा प्रताप के प्रतिमा पर पुष्पांजली किया।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर, हम वीरता और साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जीवन संघर्ष, बलिदान और धर्म की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण है। महाराणा प्रताप की जयंती पर हम उनके योगदान और समर्पण को याद करते हैं, जो हमें जीवन में सत्य, न्याय और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। आइए, महाराणा प्रताप की जयंती पर उनके महान कार्यों को याद करें और अपने जीवन में उनका अनुसरण करने का संकल्प लें।

इस अवसर पर श्याममोहन अग्रवाल, डॉ रामसूरत मौर्या, मण्डल अध्यक्ष सारिका सोनी, प्रशांत सिंह, कमलेश निषाद, उपेन्द्र मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंघानिया, अजय सिंह, ब्रह्मेश शुक्ला, आशीष गुप्ता, राजकेसर पाल,सीपीन सिंह, नन्दलाल यादव, सुनील यादव, बसन्त प्रजापति, मनोज कुशवाहा, यशवन्त साहू, अभिषेक श्रीवास्तव, संतोष मौर्य व सचिन आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने तिरंगा झंडा के साथ सेना शौर्य पराक्रम पद यात्रा निकाला

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ,9 मई । उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद स्वरूप मिश्रा के आह्वान पर 8 मई को ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना के द्वारा किए गए पराक्रम पर सेना शौर्य पराक्रम पद यात्रा शुक्रवार को गल्ला मंडी चौराहे से निकालकर सब्जी मंडी स्थित भगत सिंह पार्क पर समाप्त हुआ।पराक्रम यात्रा में सैकड़ो की संख्या में बैंड बाजे के साथ व्यापारियों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए, उसके पूर्व व्यापार मंडल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व.पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी के जन्म जयंती के अवसर पर गल्ला मंडी चौराहे पर सामान्य जनता में शरबत और मिष्ठान वितरित किया गया, जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने भारतीय सेना के द्वारा किए गए कार्यों का प्रशंसा किया और ऑपरेशन




सिंदूर का सराहना किया, पदयात्रा का नेतृत्व नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने किया। व्यापारियों ने भारतीय सेना जिंदाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सब्जी मंडी के अंदर भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए व्यापारियों की संगोष्ठी में परिवर्तित हो गया। नगर अध्यक्ष ने भारतीय सेना के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर, नगर संरक्षक नन्हेंलाल वर्मा,प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष संतोष अग्रहरि, जिला संरक्षक अशोक बैंकर, नगर संरक्षक अनिल जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक अमर जौहरी ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सेना के सभी अधिकारियों का प्रशंसा किया तथा पहलगाम हमले में विधवा हुई सभी महिलाओं के दुख को थोड़ा कम करने वाला कार्य बताया, तथा 9 आतंकवादी कैंप तबाह करते हुए लगभग 200 आतंकवादियों को मौत के घाट उतारने पर सेना के इस पराक्रम से हिंदुस्तानी जनता के गुस्से में थोड़ा कमी आई आभार कार्यक्रम संयोजकध्नगर उपाध्यक्ष अमर जौहरी ने व्यक्त किया।

# महिला अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर की जिम्मेदारी सौंपना देश के शीर्ष नेतृत्व का महत्वपूर्ण निर्णय : डॉ जान्हवी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। मिशन शक्ति 5 के तहत आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में छात्राओं ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साहस की सराहना की। मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने दोनों महिला अधिकारियों की तस्वीरें



लेकर उनका अभिनंदन किया। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि महिला अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर की जिम्मेदारी सौंपना देश के शीर्ष नेतृत्व का महत्वपूर्ण निर्णय था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल और उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान की सराहना की। उनका कहना था कि इन पहलों का उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में उचित अवसर देना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने देश की बेटी होने पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि भारत की महिलाएं आतंकवादियों के इरादों को नाकाम करने में सक्षम हैं।

# विवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुरेंद्र प्रताप यादव की अदालत ने सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में 6 वर्ष पूर्व घर में घुसकर विवाहिता को धमकी देकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को 10 वर्ष के कारावास व 14000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार सरायख्वाजा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 21 जुलाई 2019 को वह अपनी साइकिल की दुकान बंद करके रात 9रू00 बजे अपने घर पहुंचा तो उसकी पत्नी बहुत परेशान व बदहवास थी। उसने बताया की रात 8रू00 बजे राहुल उसके कमरे में घुस आया और उसका मुंह बंद करके उसे तथा उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने 100 नंबर पुलिस को बुलाया था किंतु बरसात होने की वजह से रात में थाने नहीं गया। दूसरे दिन 22 जुलाई 2019 को वह मुकदमा पंजीकृत करवाया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने व पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात आरोपी युवक को दुष्कर्म के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के कारावास व 14000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक **देश की उपासना**

**स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक**
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**
**मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002**
**RNI NO - UPHIN/2022/86937**
**Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com**

**समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।**